विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम, 150 युवाओं ने लिया नशामुक्त का संकल्प



शाजापुर, निप्र। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय नशा मुक्त युवा विकसित भारत रहा। इस दौरान सुश्री हर्षिता राठौर ने युवाओं को संबोधित करते हुए विकसित भारत 2047 की परिकल्पना, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, खेलों के महत्व, अनुशासन एवं नशामुक्त जीवनशैली पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गायत्री सिंह एवं डॉ. विपुल परमार्थी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। संविधान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं युवाओं द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत के निर्माण की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस दौरान लगभग 100 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल एवं मंत्रालय की विभिन्न युवा सहभागिता, स्वयंसेवा तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की गई।

नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही



शाजापुर, निप्र। जिले में परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहन, यात्री वाहन, मैजिक आदि वाहनों की सघन चैकिंग कार्यवाही कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े के निर्देश पर की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहनो के परमिट, फिटनेस, पीयूषी, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किये गये। नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही की जाकर 10,000 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। चैकिंग कार्यावाही आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी।

हमारा संविधान हमारी ताकत है - प्राचार्य पीके उछावर, संविधान दिवस मनाया गया



झाबुआ। दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो.? पीके उछावर के मार्गदर्शन में युवा रेडक्रॉस इकाई तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

युवा रेडक्रास इकाई के संयोजक एवं राजनीति विज्ञान के प्रो. केशरसिंह ठाकुर ने संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छेदों पर चर्चा की। युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. धूलसिंह खरत द्वारा विद्यार्थियों को संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहलूओं से परिचित करवाया। विद्यार्थियों ने संविधान आधारित प्रश्नों के जवाब दिए तथा अपनी जिज्ञासा का समाधान पाया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की विद्यार्थी कु. खुशी मेहता एवं कुसुम सेनेचा द्वारा संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्य विषय पर विचार रखे गए। कार्यक्रम के अंत में भारतीय संविधान में निहित नागरिक के रूप में मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ ली गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कीर्ति पसार ने किया एवं आभार डॉ. भूरसिंह निगवाल ने माना। इस दौरान समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दो दिन में 12 बालिकाएं बीमार हो गई

रावटी। संचालित सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास की बालिकाओं के अचानक बीमार होने से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रावटी में इलाज के लिए भर्ती किया गया।दो दिन में 12 बालिकाएं बीमार हो गई ।

गुरुवार को 9 बालिकाएं प्रार्थना के बाद अचानक बीमार हो गई जिन्हें इलाज हेतु असताल पहुंचाया गया।आज शुक्रवार को पुनः 3 बालिकाएं प्रार्थना के बाद बीमार हो गई बेहोशी की हालत में प्राचार्य एवं स्टाफ के शिक्षकों ने अस्पताल पहुंचाया।

स्थिति की गंभीरता को देखकर बालिकाओं को ड्रिप लगाकर उपचार किया गया। बालिकाओं के इस तरह बीमार होने से प्रशासन भी हरकत में आया।घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार कुलभूषण शर्मा मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया । साथ ही बिईओ ,बिआरसीसी,जनशिक्षक मौके पर पहुंचकर कर बालिकाओं के स्वास्थ की जानकारी ली ।

अत में डीपीसी भी हॉस्टल में पहुंचकर बालिकाओं एवं हॉस्टल वार्डन से स्थिति की जानकारी ली गई । पीने के पानी ,खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गये जिसमें अधिकांश सामग्री एक्सपायरी डेट की पाई गई । प्रथम दृष्टया दूषित खाद्य सामग्री के उपयोग से बालिकाओं के बीमार होने की आशंका है।सही जानकारी घटना की जांच के बाद ही सामने आएगी ।फिलहाल पूरा अमला मामले को दबाने में लगा हुआ है।

कन्नौद के लाल 40 साल विधानसभा का नेतृत्व किया, फिर भी अपनी माटी का विकास नहीं

कन्नौद विकास पर हमारी विशेष रिपोर्ट लोकेन्द्रसिंह ठाकुर

मध्य भारत से मध्यप्रदेश की स्थापना तक कन्नौद की पहचान जिले के रूप में होती थी जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला वन मंडल अधिकारी सहित सभी अधिकारियों का कार्यालय और निवास कन्नौद रहा है किन्तु मध्य भारत से मध्यप्रदेश बना कन्नौद के विकास को राह लग गया एक एक कर सभी जिला प्रमुख मध्यप्रदेश के गठन के समय जब नये जिले घोषित किया तब कन्नौद के स्थान पर देवास को जिला बनाया और कन्नौद उपजिला बना दिया जिले में उपजिला मात्र कन्नौद रहा फिर सोनकच्छ और उसके बाद बागली को एस डी एम और तहसील का दर्जा प्राप्त हुआ था। आजादी के प्रारम्भ में गिनती की राजनीतिक पार्टी कांग्रेस, भारतीय जनसंघ और और होमोदाजी कि पार्टी कम थी तो नेता भी उंगली पर गिन लो बहुत कम लोग राजनीति में सक्रिय भूमिका में नजर आए जिसमें प्रकाशचंद सेठी , चंद्रप्रभात शेखर, कैलाश जोशी मांगीलाल जोशी जैसे प्रमुख चेहरे थे उस समय देवास दो हिस्सों में था बड़ी पाती और छोटी पाती दोनों राजघराने राजनीति में सक्रिय नहीं थे इससे उनका कोई विशेष राजनीति में दखल नहीं था इस समय कन्नौद में भी तीनों दलों के नेता में श्री गोविन्द दास राठी, रामनारायण तिवारी दादू, रामनिवास सोमानी, चतुर्भुज गोयनी, हेमसिंग ठाकुर, राजनारायण ठाकुर, भागीरथ भूतड़ा, ईश्वर सोनी, बाबूलाल तिवारी, शंकरलाल तिवारी, रामनिवास राठी आदि जैसे सभी तीन पार्ट राजनेता रहे पर यह सब जिले से कभी बाहर नहीं निकल सके इस कारण मध्यप्रदेश गठन के समय लोकतांत्रिक व्यवस्था में देवास जिले में चार विधानसभा में खातेगांव के लिए दोनों पार्टियों ने बाहरी व्यक्ति को ताज पहनाया इससे खातेगांव विधानसभा का प्रतिनिधित्व बाहरी व्यक्ति वह भी राज्य सरकार में कांग्रेस का शासन और प्रतिनिधित्व भारतीय जनसंघ रहने से कोई विकास की इबारत नहीं लिखी गई समय गुजर और क्षेत्रीय व्यक्ति को नेतृत्व की आवाज उठने लगी तो पहली बार कांग्रेस के चतुर्भुज गोयनी 1962 को पार्टी ने टिकिट नहीं दिया और निर्दलीय प्रत्याशी बने और खातेगांव विधानसभा की जनता ने उनको चुना जो पहले क्षैत्रिय प्रतिनिधित्व के हिस्सेदार रहे। इसके बाद भा जनसंघ ने श्री गणपत पटेल जो विधानसभा क्षैत्र के निवासी नहीं थे कन्नौद तहसील के ग्रामीण इलाके से आते थे उनको उम्मीदवार बनाया और वह चुनाव जीते किन्तु तात्कालिक समय श्री पटेल कम शिक्षित और आत्मनिर्भर राजनीतिज्ञ नहीं थे इस कारण बैसाखी पर अपना समय गुजार दिए तब भी विधानसभा को कुछ भी विकास की सौगात नहीं मिली तीसरे नंबर पर पंडित गोविंद शर्मा चुने गए किन्तु उन्होंने ढाई साल के बाद दुखद निधन हो गया फिर कांग्रेस के श्री कैलाश कुंडल और उसके बाद तीन बार श्री बृजमोहन धूत और वर्तमान में पंडित आशीष शर्मा तीन पारी में बद्र रहे हैं इस तरह खातेगांव विधानसभा का संक्षिप्त इतिहास रहा है । आजादी के बाद पहले पायदान पर राजनीति दबदबा कन्नौद के नाम रहा पर कन्नौद के विकास की जो इबारतें लिखी जा सकती थी आज भी दिखाई नहीं दे रही है। इसी कारण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजना में रोजगार,शिक्षा, स्वास्थ्य की दृष्टि से जीरो है जबकि अपने शहर के बेटे फिर भी अपनी जन्मभूमि के विकास के लिए कुछ हासिल नहीं कर सके जबकि अगर सत्ता की बात करें तो श्री बृजमोहन धूत एक पारी अपनी सत्ता में रहे,श्री कैलाश कुंडल और स्व गोविंद शर्मा भी उनके पार्टी कि सरकार में थे आज विधायक श्री आशीष शर्मा तीन पारी अपनी ही पार्टी की सरकार में होने के बाद अगर हम कन्नौद विकास को लेकर मूल्यांकन करें तो परिणाम क्या होगा बताने की जरूरत नहीं है। आजादी के पिछले चालीस साल में कांग्रेस के विधायक श्री कैलाश कुंडल ने रेल परियोजना पास कराई वहीं सांसद श्रीमती स्वराज ने सुखलिया बांध बना जो श्री बृजमोहन धूत विधायक थे। इन्दौर बेतूल हायवे फोर लेन जो दस साल बाद भी आधा अधुरा है यह तीन काम माने जा सकते हैं पर इनसे गरीब परिवारों को कोई लाभ नहीं मिला। आज पूरी तरह से यह क्षैत्र कृषि प्रदान क्षेत्र है खेतों में गरीब परिवारों को रोजगार मिल जाता था वह भी आधुनिक युग में मशीनरी आने से रोजगार छीन लिया कभी यह क्षेत्र में कपास मुख्य फसल थी समय ने करवट बदली और कपास देखने को नही है। वहीं सोयाबीन आया उससे भी मौसम की मार ने एक नई फसल चीया को जन्म दिया जो इस वर्ष लगभग सभी किसानों ने लगाया जिसको बेचने के लिए चार सौ किलोमीटर दूर रतलाम मंदसौर ले जाना होगा यहां का व्यापारी कम दाम में लेगा बड़ा मुनाफा कमाया जायेगा तब किसान का भी मरण होना है। इस तरह क्षैत्र में एक भी रोजगार के साधन? नही होने से विकास नाम का कोई काम नहीं किया है।

विपक्ष पर बरसे भाजपा नेता, बोले- सत्ता में रहते संविधान का किया दमन, अब देश में फैला रहे भ्रम

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित निबंध स्पर्धा के दौरान भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने सत्ता में रहते हुए संविधान का दमन किया, नागरिक अधिकारों का हनन किया और अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग किया, वे आज देश में भ्रम फैला रहे हैं। नेताओं ने पड़ोसी देशों के राजनीतिक हालातों का उदाहरण देते हुए युवाओं से अराजकता के प्रति सचेत रहने और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का आह्वान किया।



भाजयुमो की निबंध प्रतियोगिता में नेताओं ने युवाओं को समझाया लोकतंत्र का महत्व, पड़ोसी देशों के हालातों का दिया उदाहरण

स्थानीय जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल के नेतृत्व में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में प्रतिपक्ष का पद बेहद जिम्मेदारीपूर्ण होता है, लेकिन वर्तमान में विपक्ष देश में झूठ फैलाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति और जीडीपी की सराहना अमेरिका भी कर रहा है।

उन्होंने विपक्ष पर सत्ता में रहते हुए संविधान का दमन करने और देश में अराजकता थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने कहा कि अराजकता से देश का माहौल बिगड़ सकता है। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के बजाय जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाए जाने, आपातकाल में नागरिक अधिकारों के हनन, न्यायपालिका की स्थिति, 1984 के दंगों और सीताराम केसरी से जुड़े राजनीतिक घटनाक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने संविधान की रक्षा में आरएसएस एवं संबद्ध संगठनों के संघर्ष का जिक्र करते हुए युवाओं से सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार का जवाब देने की अपील की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा ने कहा कि आज की 'जेन-जी' पीढ़ी को लोकतंत्र और अराजकता के अंतर को करीब से समझना होगा। उन्होंने श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल के राजनीतिक हालातों का उदाहरण देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्व बताया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल ने बताया कि 22 नवंबर से शुरू हुई प्रतियोगिता में अब तक 180 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले चुके हैं। खरगोन और भीकनगांव में आयोजन होना शेष है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार, प्रदेश स्तर पर 51 हजार और राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

1 किलो गांजे के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

पिपलिया स्टेशन (निप्र)। नारायणगढ़ थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 1 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा, एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

नारायणगढ़ टीआई राजेन्द्रकुमार पंवार ने बताया पुलिस टीम जेतली से टकरावद रोड पर जेतली पुलिया के समीप अडमालिया फंटे पर चेकिंग के दौरान जेतली पुलिया की तरफ से आ रहा मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गया और वाहन वापस जेतली की तरफ मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा।

संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे रोक लिया। मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स थी, जिस पर एमपी 14 एमजेड 6215 नंबर अंकित था। चालक की पहचान मंशाखेड़ी निवासी बाबूलाल (46) पिता घासीराम दायमा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान थैली से एक किलो गांजा जब्त हुआ।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी गांजा कहां से लेकर आया था और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी।

जैन पत्रकार परिषद में योगेन्द्र नाहर को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

झाबुआ। जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संगठन में झाबुआ जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी योगेन्द्र नाहर को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले के पत्रकार जगत एवं सामाजिक क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पूज्य आचार्य श्री विश्वरत्न सागर जी महाराज साहेब की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से जैन पत्रकार परिषद के वरिष्ठ प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ द्वारा यह मनोनयन किया गया। योगेन्द्र नाहर को उनकी दीर्घकालीन समाजसेवा, निष्पक्ष एवं निष्कलंक पत्रकारिता, बेदाग राजनीतिक छवि तथा सर्वहारा वर्ग में लोकप्रियता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि योगेन्द्र नाहर जिले में वरिष्ठ पत्रकार, नवकार संयोजक, योगेश्वर धाम के संस्थापक एवं साप्ताहिक उपग्रह के जिला ब्यूरो चीफ के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। वे पूर्व में जिला भाजपा मीडिया प्रभारी का दायित्व भी निभा चुके हैं। पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय सहभागिता रही है। उनकी इस नियुक्ति पर इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप, श्रीसंघ अध्यक्ष संजय मेहता, समाजसेवी बजेन्द्र (चुन्नू) शर्मा, मुकेश नाकोड़ा, मनोहरलाल भंडारी, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती संगीता सोनी, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया सहित वरिष्ठ पत्रकार यशवंत पंवार, दिलीप सिंह वर्मा, दौलत भावसार, ओमप्रकाश शर्मा, चंद्रभान सिंह भदौरिया, भूपेंद्र गौड़, सचिन बैरागी, श्याम त्रिवेदी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकार साथियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED

कार्पोरेट कार्यालय: 11वीं मंजिल, सी विंग, एमथ्रेया 247, त्वरत महात्मा गांधी मार्ग, गांधी नगर विद्यालेकी (पश्चिम), मुम्बई महाराष्ट्र - 400083

डिमांड नोटिस

अंतर्गत वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (''अधिनियम'') एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (''नियम'')

यह कि अभोक्तासाधकार के द्वारा एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड (एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट) के द्वारा अधिनियम के तहत प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम की धारा 13 (12) सहपठित नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयुक्त करते हुए नियम अगोतम की अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी कर संबोधित नोटिसों में वर्णित कर्जदार राशि की नोटिस प्राप्त होने से 60 दिवस की अवधि में भुगतान किये जाने की मांग की थी। अभोक्तासाधकार को इस बात का संज्ञान हो गया है कि अगोतम इन डिमांड नोटिसों की तामिली नहीं होने दे रहे हैं। अतः इन नोटिसों की तामिली नियमों के तहत चस्पा एवं प्रकाशन के द्वारा करायी जा रही है। डिमांड नोटिस में प्रदत्त विवरण का सार निम्नानुसार है:-

ऋणीगणों के नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि
1. एएन फैमिली सेल्फ एंड सन्स 2. मेजु सेन 3. विशाल सेन LAN- 213121312392637	12 नवं. 26, रु. 1,03,43,785.00/- (रुपये एक करोड़ दो लाख तिरालिस हजार सात सौ पिचयासी मात्र) दिनांक 04 नवंबर 2026 तक

चंचल रही गई अचल सम्पतियों का विवरण

सम्पति स्थायी : विशाल सेन
प्लॉट क्रमांक 34, वार्ड क्रमांक 24, खाता नं. 54, ग्राम अंबवे नव, नया निगम हद्दे, मध्य प्रदेश- 452010, क्षेत्रफल : 749.32 वर्गफीट, चतुर्दिक- पूर्व : बैकलेन, पश्चिम : प्लॉट क्रमांक 02 अंबवे नव, उत्तर : सड़क, दक्षिण : प्लॉट क्रमांक : 1 ए

1. गुरुकृपा आर्गोवार फुटवियर 2. आशा बाई, 3. विनोद प्रजापत, 4. पार्वती प्रजापत, 5. राकेश प्रजापत LAN- 213121312354668	12 नवं. 26, रुपये 78,20,329.00/- (रुपये अठहत्तर लाख बीस हजार तीन सौ उनतीस सिर्फ) दिनांक 04 नवं. 26 तक

चंचल रही गई अचल सम्पतियों का विवरण

सम्पति स्थायी : विनोद प्रजापत एवं संजना प्रजापत,
भूखंड क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 28, खाता नं. 54, ग्राम अंबवे नव, नया निगम हद्दे, मध्य प्रदेश- 452010, क्षेत्रफल : 749.32 वर्गफीट, चतुर्दिक- पूर्व : बैकलेन, पश्चिम : प्लॉट क्रमांक 02 अंबवे नव, उत्तर : सड़क, दक्षिण : प्लॉट क्रमांक : 1 ए

अगोतम को सलाह दी जाती है कि वे डिमांड नोटिस का अनुपालन करते हुए डिमांड नोटिस में वर्णित बकाया धनराशि एवं ब्याज का इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिवस की अवधि में भुगतान किए जाने के भुगतान किए जाने के भुगतान, अतिरिक्त ब्याज, अनुपालन शुल्क, लागत एवं अन्य खर्चों को जोड़कर कुल बकाया राशि का भुगतान कर दें। अगोतम ध्यान में रखें **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट** प्रतिभूति लेनदार है व अगोतम द्वारा ली गई ऋण सुविधा प्रतिभूत ऋण है अगोतम द्वारा बकाया राशि नहीं चुकाने पर प्रतिभूत आस्ति/ओं प्रतिभूत आस्ति है।

अगोतम द्वारा निर्धारित अवधि में संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने के दायित्व में विफल रहने पर **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट** के पास अधिनियम की धारा 13(4) में उपलब्ध समस्त उपचारों-अभिग्रहों का उपयोग करने का अधिकार होगा तथा प्रतिभूत आस्ति का अभिग्रहण प्राप्त करने सहित अधिनियम एवं उसके अन्तर्गत नियमों में प्रावधानों के तहत बिक्री भी अगर उपायों व बकाया राशि की संतुष्टि हेतु उसका विक्रय करने तथा ही सीमित नहीं होगा **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट** के पास प्रतिभूत आस्ति को विक्रय या अंतरित करने में पूर्व **कुर्की एवं/अथवा सीज** करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत आस्ति को विक्रय करने के पश्चात अगर संपत्ति से बकाया राशि की पूर्ति नहीं होती है तो **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट** के पास बकाया का शेष की संतुष्टि हेतु पृथक व्यक्तिगत कार्यवाही करने का अधिकार भी प्राप्त है। **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट** के पास उपलब्ध यह उपचार बिना भी अन्य विधान में उपलब्ध उपचार से अतिरिक्त व समग्र है।

अगोतम का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) में प्रतिभूत आस्ति को बकाया राशि का भुगतान कर बकाया प्राप्त करने हेतु उपलब्ध समय अवधि की तरफ भी आकर्षित किया जाता है। अधिनियम की धारा 13(13) के तहत अगोतम को प्रतिभूत आस्ति का विक्रय करने या किसी भी तरह के संभावहार से विक्रय, लीज या अन्य किसी तरीके से (व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया से अलग) **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट** की बगैर अनुमति के अंतरित करने से प्रतिबंधित/प्रतिषिद्ध किया जाता है। इसका अनुपालन नहीं करने का कोई भी कृत्य अधिनियम की धारा 29 के तहत अपराध होगा। डिमांड नोटिस की प्रति अभोक्तासाधकार के पास उपलब्ध है, अगोतम चाहें तो इस प्रति की अभोक्तासाधकार से सामान्य कार्य दिवस में कार्यालयों में समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

स्थान : इन्दौर — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 28-11-2026 — एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड

सनावद के लिए बड़ी स्वास्थ्य सौगात : अब शहर में ही मिलेंगे इंदौर के प्रसिद्ध हृदय, ब्रेन और स्पाइन विशेषज्ञ

बड़वाह। शहरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के हित में चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब हृदय रोग तथा मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (न्यूरो व स्पाइन) से जुड़ी गंभीर बीमारियों के परामर्श के लिए मरीजों को इंदौर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।



इंदौर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राज शर्मा और ब्रेन, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. आदित्य लूनावत अब सनावद में ही ओपीडी परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।यह विशेष ओपीडी सेवा शनिवार, 28 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। इसके पश्चात प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को सनावद स्थित नारायण हॉस्पिटल, त्रिकोण चौराहा में दोनों विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि आवश्यकता पड़ने पर समस्त सर्जरी आयुष्मान भारत योजना (PM-JAY) के अंतर्गत उपलब्ध रहेंगी।

किन बीमारियों और लक्षणों का मिलेगा विशेषज्ञ परामर्श पीआरओ हरिराम शाह ने बताया कि डॉ. राज शर्मा द्वारा सीने या छाती में दर्द, भारीपन या दबाव महसूस होना।सांस का फूलना, छाती में जलन या घबराहट होना।चक्कर आना, असामान्य पसीना आना और पैरों में सूजन रहना।दिल की धड़कन असामान्य होना और ब्लड प्रेशर की समस्या।इसके अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, मोटापा और थायराइड से जुड़ी समस्याओं का परामर्श।

मस्तिष्क एवं न्यूरो संबंधी समस्याएं को देखेंगे-पीआरओ हरिराम शाह ने बताया कि डॉ. आदित्य लूनावत द्वारा मिर्गी, संतुलन की समस्याएं और चलने में कठिनाई।चेहरे, हाथ या पैर में कमज़ोरी महसूस होना।लगातार सिरदर्द, उम्र के साथ याददाश्त की समस्याएं और दृष्टि या वाणी संबंधी दिक्कतें।मूत्राशय पर नियंत्रण न रहना तथा एक्सीडेंट में लगी हुई सिर की चोट।गर्दन में दर्द, पीठ में दर्द और चक्कर आना।कमर से पैरों की ओर तथा कंधे से हाथों की ओर फैलता दर्द।हाथों-पैरों की कमज़ोरी और लंबे समय तक बैठने या खड़े रहने में कठिनाई।एक्सीडेंट में लगी हुई रीढ़ की हड्डी की चोट।

पंजीयन एवं अपॉइंटमेंट की व्यवस्था-पब्लिक रिलेशन ऑफिसर हरिराम शाह के माध्यम से ओपीडी पंजीयन की व्यवस्था की गई है। मरीज और उनके परिजन असुविधा से बचने के लिए अग्रिम ओपीडी पंजीयन एवं अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9131956881 या 9826617117 पर संपर्क कर सकते हैं।